# PAPER-III
# POPULATION STUDIES

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________

   (Name) ____________________________

2. (Signature) ____________________________

   (Name) ____________________________

**S 15 1 3**

OMR Sheet No. : ..............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.____________________________________
(In words)

Time : **2 $^1/_2$** hours] [Maximum Marks : **150**

Number of Pages in this Booklet : **20** Number of Questions in this Booklet : **75**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal / polythene bag on the booklet. Do not accept a booklet without sticker-seal / without polythene bag and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचहत्तर बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील / पोलिथीन बैग को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील / बिना पोलिथीन बैग की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D) जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

## POPULATION STUDIES
## Paper – III

**Note :** This paper contains **seventy five (75)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

Read the following passage and answer the questions given below (**1** to **6**) :

The geographical setting of a town is of great importance in determining the quality of urban environment, stimulating its further growth and occasionally threatening its very survival. The physical attributes of a town influence its attractiveness to residents and outsiders alike. Much of the beauty of a town is inherent in its location and surroundings and it is for this reason that planners take care in selecting a proper site for a new town. A city with hills and a rolling terrain has greater charm than a flat city; further, a city having features of scenic beauty like a lake, a river, a beach or a good view of magnificent snow-covered maintains has natural charm. On the other hand, the geographical setting of a city may pose a serious threat to its survival. Many cities of the world have been destroyed by floods, earthquakes and other natural calamities. Cities located on flood plains obviously face a threat. Often flash floods on smaller rivers are for more devastating than the flooding on larger rivers.

**1.** Quality of urban environment is determined by which of the following ?

(A) Size of the urban population
(B) Size of the urban settlement
(C) Geographical setting
(D) Traffic flow

**2.** What are the factors which planners consider in selecting a site for a new town ?

(A) Location
(B) Surroundings
(C) Physical attributes
(D) All the above

**3.** Geographical setting may pose a threat in the event of

(A) Congestion
(B) Natural Calamities like floods and earthquakes
(C) Pollution
(D) Settlement density

**4.** Cities located on smaller rivers are likely to face the threat of

(A) Floods
(B) Flash floods
(C) Urban sprawl
(D) Transportation

**5.** A town becomes attractive to its residents and visitors alike because of

(A) Scenic beauty
(B) Physical attributes
(C) Infrastructure
(D) All the above

**6.** In the past many cities have been destroyed due to

(A) Natural calamities
(B) War
(C) Political unrest
(D) Pollution and congestion

**7.** Which among the following States contributed to the maximum decline in overall decadal growth rate of the country ?

(A) Uttar Pradesh
(B) Madhya Pradesh
(C) Maharashtra
(D) Bihar

## जनसंख्या अध्ययन

### प्रश्नपत्र – III

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में पचहत्तर **(75)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के दो **(2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िये और नीचे दिये प्रश्नों **(1 से 6)** के उत्तर दीजिए :

शहर के पर्यावरण की गुणवत्ता का निर्धारण करने में, इसके भावी विकास को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए तथा कभी-कभी शहर के अस्तित्व को खतरे में डालने के लिए किसी शहर का भौगोलिक प्रतिवेश अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है । शहर की प्राकृतिक विशेषताएँ वहाँ के निवासियों तथा बाहर के लोगों-दोनों को समान रूप से आकर्षित करती हैं । किसी शहर की रमणीयता का विपुल अंश उसकी अवस्थिति तथा उसके परिवेश से उसे विरासत में मिलता है और यही कारण है कि योजनाकार नये शहर के लिए स्थल का चयन करने में बहुत सावधानी बरतते हैं । पहाड़ियों तथा ढालयुक्त भू-भाग वाले शहर में मैदानी भू-भाग वाले शहर की अपेक्षा अधिक मनोहरता होती है । इसके अतिरिक्त प्राकृतिक सौंदर्य-जैसे झील, नदी, समुद्रतट अथवा हिमाच्छादित भव्य पर्वतों की सुन्दर दृश्यावली से युक्त शहर में प्राकृतिक रम्यता होती है । दूसरी ओर किसी शहर का भौगोलिक प्रतिवेश उसके अस्तित्व के लिए खतरा बन सकता है । विश्व के अनेक शहर बाढ़, भूकम्प तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं द्वारा तहस-नहस किए जा चूके हैं । बाढ़ के खतरे वाले मैदानी इलाके वाले भू-भाग में अवस्थित शहर खतरों का सामना करते हैं । बहुधा छोटी नदियों में अचानक आ जाने वाली बाढ़ अपेक्षाकृत बड़ी नदियों में आनेवाली बाढ़ से अधिक विनाशकारी होती है ।

**1.** शहर के पर्यावरण की गुणवत्ता का निर्धारण निम्नलिखित में से किसके द्वारा किया जाता है ?
(A) शहरी जनसंख्या का आकार
(B) शहरी बस्तियों का आकार
(C) भौगोलिक प्रतिवेश
(D) यातायात प्रवाह

**2.** किसी नये शहर के लिए स्थल के चयन में योजनाकार किन तत्त्वों पर विचार करते हैं ?
(A) अवस्थिति
(B) परिवेश
(C) प्राकृतिक विशेषताएँ
(D) उपर्युक्त सभी

**3.** निम्नलिखित में से किसके घटित होने पर भौगोलिक प्रतिवेश खतरा उत्पन्न कर सकते हैं ?
(A) घनी आबादी
(B) प्राकृतिक आपदाएँ जैसे बाढ़ तथा भूकम्प
(C) प्रदूषण
(D) बस्तियों का घनत्व

**4.** छोटी नदियों के तट पर अवस्थित शहरों पर ________ का खतरा होता है ।
(A) बाढ़
(B) अचानक बाढ़ (फ्लैश फ्लड)
(C) शहरी अव्यवस्थित फैलाव
(D) परिवहन परक

**5.** निम्नलिखित में से किस कारण/कारणों से कोई शहर वहाँ के निवासियों और आगंतुकों दोनों के लिए आकर्षक बनता है ?
(A) प्राकृतिक सौंदर्य
(B) प्राकृतिक विशेषताएँ
(C) अवसंरचना
(D) उपर्युक्त सभी

**6.** भूतकाल में अनेक शहर किस कारण तहस-नहस हो चुके हैं ?
(A) प्राकृतिक आपदाएँ
(B) युद्ध
(C) राजनीतिक असंतोष
(D) प्रदूषण तथा सघनता

**7.** देश की समग्र दस वार्षिक वृद्धि-दर के ह्रास में निम्नलिखित में से किसका योगदान अधिकतम था ?
(A) उत्तर प्रदेश
(B) मध्य प्रदेश
(C) महाराष्ट्र
(D) बिहार

**8.** Arrange the following States in ascending order according to the number of migrants in their population :

(i) Delhi
(ii) Haryana
(iii) Maharashtra
(iv) Punjab

**Codes :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (C) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (D) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

**9.** Maximum female migration in India is observed in

(A) Rural to Rural Stream
(B) Rural to Urban Stream
(C) Urban to Urban Stream
(D) Urban to Rural Stream

**10.** Percentage of life time migrants to total population of India is approximately

(A) 25 percent (B) 30 percent
(C) 35 percent (D) 40 percent

**11.** The total number of illiterate women in India as per 2011 Census Statistics is close to

(A) 200 million
(B) 225 million
(C) 250 million
(D) 275 million

**12.** The average density (per sq. km.) of population in India as per 2011 Census figures is around

(A) 350 (B) 360
(C) 370 (D) 380

**13.** The maximum proportion of women in female-headed households is

(A) Divorced
(B) Married
(C) Never-married
(D) Widowed

**14.** The proportion of female-headed households in India ranges between

(A) < 10 percent
(B) 10 to 15 percent
(C) 15.1 to 20 percent
(D) > 20 percent

**15.** Who among the following Demographers has presented first the Theory of Demographic Transition in an almost mature form with explanation for the changes in fertility ?

(A) Landry
(B) Warren Thompson
(C) Frank W. Notestein
(D) C.P. Blacker

**16.** How many times National Family Health Survey (NFHS) was conducted in India ?

(A) Two times
(B) Three times
(C) One time
(D) Four times

**17.** Which was the nodal agency chosen for conducting National Family Health Survey in India ?

(A) National Institute of Health and Family Welfare (NIHFW), New Delhi.
(B) International Institute for Population Sciences (IIPs), Mumbai
(C) National Institute of Nutrition (NIN), Hyderabad
(D) Tata Institute of Social Sciences (TISS), Mumbai

**18.** When India Government has adopted Family Planning Programme ?

(A) 1952 (B) 1951
(C) 1953 (D) 1949

**8.** निम्नलिखित राज्यों को उनकी जनसंख्या में प्रवासियों की संख्या के अनुसार अवरोही क्रम में लगाइये :

(i) दिल्ली

(ii) हरियाणा

(iii) महाराष्ट्र

(iv) पंजाब

**कूट :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (C) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (D) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

**9.** भारत में अधिकतम महिला प्रवसन निम्नलिखित में से किसमे देखा जाता है ?

(A) गाँव से गाँव में

(B) गाँव से शहर में

(C) शहर से शहर में

(D) शहर से गाँव में

**10.** आजीवन प्रवासियों की प्रतिशतता भारत की कुल जनसंख्या का लगभग

(A) 25 प्रतिशत है । (B) 30 प्रतिशत है ।

(C) 35 प्रतिशत है । (D) 40 प्रतिशत है ।

**11.** वर्ष 2011 की जनगणना सांख्यिकी के अनुसार भारत में अशिक्षित महिलाओं की संख्या लगभग कितनी है ?

(A) 200 मिलियन

(B) 225 मिलियन

(C) 250 मिलियन

(D) 275 मिलियन

**12.** वर्ष 2011 की जनगणना के आँकड़ों के अनुसार भारत में जनसंख्या का औसत घनत्व (प्रति वर्ग किलोमीटर) निम्नलिखित में से किसके आस-पास है ?

(A) 350 (B) 360

(C) 370 (D) 380

**13.** महिला मुखिया वाले घरों में किस प्रकार की महिलाओं का अनुपात अधिकतम है ?

(A) तलाकशुदा

(B) विवाहित

(C) आजीवन अविवाहित

(D) विधवा

**14.** भारत में स्त्री-मुखिया वाले घरों का अनुपात ______ के बीच है ।

(A) < 10 प्रतिशत

(B) 10 से 15 प्रतिशत

(C) 15.1 से 20 प्रतिशत

(D) > 20 प्रतिशत

**15.** निम्नलिखित में से किस जनांकिकीविद ने प्रजननशीलता में परिवर्तन की व्याख्या सहित लगभग परिपक्व रूप में जनांकिकी संक्रमण के सिद्धांत को सबसे पहले प्रस्तुत किया ?

(A) लैंड्री

(B) वारेन थॉम्पसन

(C) फ्रैंक डब्ल्यू. नोटेस्टाइन

(D) सी.पी. ब्लैकर

**16.** भारत में राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण कितनी बार किए गए हैं ?

(A) दो बार

(B) तीन बार

(C) एक बार

(D) चार बार

**17.** भारत में राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण संचालित करने के लिए निम्नलिखित में से किसे नोडल एजेंसी के रूप में चुना गया ?

(A) राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान (एनआईएचएफडब्ल्यू), नई दिल्ली

(B) अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान (आईआईपीएस), मुंबई

(C) राष्ट्रीय पोषण संस्थान (एनआईएन), हैदराबाद

(D) टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान (टीआईएसएस), मुंबई

**18.** भारत सरकार ने परिवार नियोजन कार्यक्रम कब अपनाया ?

(A) 1952 (B) 1951

(C) 1953 (D) 1949

**19.** What is the optimum number of ante-natal care visits by health worker prescribed by Government of India ?

(A) 2 (B) 3

(C) 4 (D) 5

**20.** What is the source for calculating Below Poverty Line (BPL) in India ?

(A) Census

(B) National Sample Survey

(C) Sample Registration System

(D) National Family Health Survey

**21.** Which one of the following numerator adjustment method is used in computing infant mortality rate ?

(A) $IMR_2 = \frac{D_2^S + D_2^P}{B_2} \times 1000$

(B) $IMR_2 = \left[\frac{D_2^P}{B_1} + \frac{D_2^S}{B_2}\right] \times 1000$

(C) $IMR_2 = \left[\frac{D_2(1-f)}{B_2} + \frac{fD_2}{B_1}\right] \times 1000$

(D) $IMR_2 = \frac{D_2}{(1-f)B_2 + fB_1} \times 1000$

**22.** Given the population size of two points in time, one can compute the rate of population change by the following indicators :

I. Arithmetic rate of population growth

II. Geometric rate of population growth

III. Exponential rate of population growth

Code the combination which describes their actual order, from large to small :

**Codes :**

(A) I, II, III

(B) III, II, I

(C) II, III, I

(D) I, III, II

**23.** Full child immunizations covers the following immunizations. Code the correct combination.

(A) BCG + Polio + DPT + Measles

(B) BCG + 3 Polio + At least one DPT + Measles

(C) BCG + At least one Polio + At least one DPT + Measles

(D) BCG + 3 Polio + 3 DPT + Measles

**24.** Arrange four events related to family welfare programme according to time period, earlier to more recent ones :

(i) International Conference on Population and Development (ICPD)

(ii) Reproductive and Child Health (RCH)

(iii) Child Survival and Safe Motherhood (CSSM)

(iv) National Rural Health Mission (NRHM)

**Codes :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (C) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (D) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |

**25.** **Assertion (A) :** Uttarakhand had experienced natural disaster in recent past.

**Reason (R) :** It may be attributed to unplanned development in and around its vicinity.

**Codes :**

(A) (A) is correct and (R) is not right explanation for (A).

(B) (A) is not correct and (R) is also not correct.

(C) (A) is correct and (R) is the correct explanation of (A).

(D) (A) is wrong and (R) is also wrong.

**19.** भारत सरकार ने, स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता द्वारा प्रसव पूर्व कितनी बार देख-भाल दौरा किया जाना निर्धारित किया है ?

(A) 2 (B) 3

(C) 4 (D) 5

**20.** भारत में गरीबी रेखा के नीचे (बीपीएल) रहने वाले लोगों की संख्या जानने के लिए निम्नलिखित में से किस स्रोत का उपयोग किया जाता है ?

(A) जनगणना

(B) राष्ट्रीय सैंपुल सर्वेक्षण

(C) सैंपुल पंजीकरण प्रणाली

(D) राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण

**21.** शिशु मृत्यु दर के परिकलन के लिए निम्नलिखित में से किस विभाजक समायोजन विधि का उपयोग किया जाता है ?

(A) $IMR_2 = \frac{D_2^S + D_2^P}{B_2} \times 1000$

(B) $IMR_2 = \left[\frac{D_2^P}{B_1} + \frac{D_2^S}{B_2}\right] \times 1000$

(C) $IMR_2 = \left[\frac{D_2(1-f)}{B_2} + \frac{fD_2}{B_1}\right] \times 1000$

(D) $IMR_2 = \frac{D_2}{(1-f)B_2 + fB_1} \times 1000$

**22.** एक समय दो बिंदुओं पर जनसंख्या का आकार दिया गया है, निम्नलिखित संकेतकों द्वारा जनसंख्या में परिवर्तन की दर का परिकलन किया जा सकता है :

I. जनसंख्या संवृद्धि की अंकगणितीय दर

II. जनसंख्या संवृद्धि की ज्यामितिक दर

III. जनसंख्या संवृद्धि की घातांकी दर

ऐसे संयोजन को चिह्नित कीजिए, जिसमें बड़े से छोटे की ओर उनके वास्तविक क्रम का उल्लेख किया गया है ।

**कूट :**

(A) I, II, III

(B) III, II, I

(C) II, III, I

(D) I, III, II

**23.** पूर्ण शिशु प्रतिरक्षण के अंतर्गत निम्नलिखित प्रतिरक्षण शामिल हैं :

सही कोड को चिह्नित कीजिए :

(A) बीसीजी + पोलियो+ डीपीटी + खसरा

(B) बीसीजी + 3 पोलियो + कम-से-कम एक डीपीटी + खसरा

(C) बीसीजी + कम-से-कम एक पोलियो + कम-से-कम एक डीपीटी + खसरा

(D) बीसीजी + 3 पोलियो + 3 डीपीटी + खसरा

**24.** परिवार कल्याण कार्यक्रम से संबंधित चार घटनाओं को समयावधि के अनुसार पहले वाले से बाद वाले के क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(i) इंटरनेशनल कॉंफ्रेंस ऑन पोपुलेशन एण्ड डेवलपमेंट (आई सी पी डी)

(ii) रिप्रोडक्टिव एण्ड चाइल्ड हेल्थ (आर सी एच)

(iii) चाइल्ड सरवाइवल एण्ड सेफ मदरहुड (सी एस एस एम)

(iv) नेशनल रूरल हेल्थ मिशन (एन आर एच एम)

**कूट :**

(A) (iii) (i) (ii) (iv)

(B) (ii) (iii) (i) (iv)

(C) (i) (ii) (iii) (iv)

(D) (ii) (i) (iii) (iv)

**25.** **अभिकथन (A) :** हाल में उत्तराखण्ड ने प्राकृतिक विनाश का अनुभव किया है ।

**कारण (R) :** ऐसा उत्तराखण्ड में तथा इसके आस-पास अनियोजित विकास के कारण हो सकता है ।

**कूट :**

(A) (A) सही है और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(B) (A) सही नहीं है और (R) भी सही नहीं है ।

(C) (A) सही है तथा (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(D) (A) गलत है तथा (R) भी गलत है ।

**26.** India's Population Policy of 2000 has focussed on which of the following fertility indicator ?

(A) CBR

(B) NRR

(C) Unmet need

(D) None of the above

**27.** The following indicators of mortality are given :

I. Neo-natal mortality

II. Post neo-natal mortality

III. Infant mortality

IV. Under-5 mortality

Code the combination which describes their order, low to high :

**Codes :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | I | II | III | IV |
| (B) | II | I | III | IV |
| (C) | I | III | II | IV |
| (D) | IV | I | II | III |

**28.** Civil Registration Statistics generally collects data on

I. Births

II. Deaths

III. Cause of death

IV. Marriages

In India, Sample Registration System collects the following types of data. Choose the correct code :

**Codes :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | I | II | III | IV |
| (B) | I | II | III | |
| (C) | I | II | IV | |
| (D) | I | II | | |

**29.** Which one of the following proposed Epidemiological Transition ?

(A) Caldwell

(B) Omran

(C) McKeown

(D) Notestein

**30.** Which one of the following is correct in explaining an ecological unit ?

(A) Audience in a Movie Theatre

(B) A Range of Valleys and Mountains

(C) A City with its satellite towns

(D) All the above

**31.** Which of the following assumption is correct for stable population ?

(A) Age-specific fertility and age specific mortality has remained unchanged in the past.

(B) Fertility and mortality has remained unchanged in the past.

(C) Age-specific fertility, age specific mortality has remained unchanged and migration is nil.

(D) None of the above.

**32.** Arrange the following States by their sex ratio in Census 2011, from high to low :

(i) Tamil Nadu

(ii) Karnataka

(iii) Andhra Pradesh

(iv) Kerala

**Codes :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (C) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**33.** Arrange the following States by their current level of infant mortality from high to low :

(i) Odisha

(ii) Madhya Pradesh

(iii) Uttar Pradesh

(iv) Bihar

**Codes :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (C) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (D) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |

**26.** भारत की जनसंख्या नीति, 2000 में निम्नलिखित प्रजननशीलता संकेतकों में से किस पर ध्यान केंद्रित किया गया है ?

(A) सी बी आर

(B) एन आर आर

(C) अपूर्त आवश्यकता

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**27.** मृत्युता के निम्नलिखित संकेतक दिए गए हैं :

I. नवजात शिशु की मृत्युता

II. नवजात शिशु की प्रसवोत्तर मृत्युता

III. शिशु मृत्युता

IV. 5 वर्ष से कम आयु में मृत्युता

ऐसे संयोजन को चिह्नित कीजिए, जिसमें उनका क्रम निम्न से उच्च की ओर बताया गया हो :

**कूट :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | I | II | III | IV |
| (B) | II | I | III | IV |
| (C) | I | III | II | IV |
| (D) | IV | I | II | III |

**28.** नागरिक पंजीकरण सांख्यिकी में सामान्यत: निम्नलिखित के संबंध में आँकड़े एकत्र किए जाते हैं

I. जन्म

II. मृत्यु

III. मृत्यु का कारण

IV. विवाह

भारत में प्रतिदर्श पंजीकरण प्रणाली में निम्नलिखित प्रकार के आँकड़े एकत्र किए जाते है । सही कूट का चयन कीजिए :

**कूट :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | I | II | III | IV |
| (B) | I | II | III | |
| (C) | I | II | IV | |
| (D) | I | II | | |

**29.** 'एपिडेमियोलॉजिकल ट्रांजिशन' का विचार किसकी देन है ?

(A) काल्डवेल

(B) ओमरान

(C) मैक्योन

(D) नोटेस्टाइन

**30.** एक पारिस्थितिक इकाई को स्पष्ट करने के लिए निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

(A) एक थिएटर में चलचित्र देखते दर्शक

(B) घाटियों और पर्वतों की एक शृंखला

(C) अपने अनुषंगी शहरों के साथ कोई नगर

(D) उपर्युक्त सभी

**31.** स्थिर जनसंख्या के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सी धारणा सही है ?

(A) वय-विशिष्ट जननक्षमता तथा वय-विशिष्ट मर्त्यता विगत वर्षों में अपरिवर्तित रही है ।

(B) जनन क्षमता तथा मर्त्यता विगत वर्षों में अपरिवर्तित रही है ।

(C) वय-विशिष्ट जननक्षमता तथा वय-विशिष्ट मर्त्यता अपरिवर्तित रही है तथा कोई प्रवसन नहीं हुआ है ।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**32.** वर्ष 2011 की जनगणना में दिए गए लिंग अनुपात के अनुसार, उच्च से निम्न के क्रम में, निम्नलिखित राज्यों को व्यवस्थित कीजिए :

(i) तमिलनाडु

(ii) कर्नाटक

(iii) आंध्र प्रदेश

(iv) केरल

**कूट :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (C) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**33.** निम्नलिखित राज्यों को, उनमें शिशु मृत्यु के हाल के स्तर के उच्च से शुरू कर न्यून के क्रम मे, व्यवस्थित कीजिए :

(i) उड़िसा

(ii) मध्य प्रदेश

(iii) उत्तर प्रदेश

(iv) बिहार

**कूट :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (C) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (D) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |

**34.** What are the data requirement to calculate the neo-natal mortality in the year 2000 ?

(A) Deaths in the first month of life and births in the year 2000.

(B) Deaths in the first year of life in 2000 and births in the year 2000.

(C) Deaths in the 1 – 11 months of life in 2000 and births in the year 2000.

(D) Deaths from the $7^{th}$ month of pregnancy to first month of life in 2000 and births in the year 2000.

**35.** Think of different columns of life tables like $l_x$, ${}_nq_x$, ${}_nL_x$ and $T_x$. $l_{15}$ (expectation of life at age 15) is computed as

(A) $\frac{L_{15}}{l_{15}}$

(B) $\frac{T_{15}}{l_{15}}$

(C) $\frac{T_{15}}{L_{15}}$

(D) None of the above

**36.** Name the recent source of data on morbidity :

(A) Sample Registration System

(B) Census

(C) National Family Health Surveys

(D) National Sample Survey

**37.** Out of eight Millennium Development Goals (MDGs), how many of them relate to the health sector ?

(A) One

(B) Two

(C) Three

(D) Four

**38.** Some important National/ International Days are shown in List – I and their dates in List – II. Match the days with their dates :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| a. World Population Day | 1. March 8 |
| b. International Women Day | 2. May 31 |
| c. World Anti-Tobacco Day | 3. July 11 |
| d. International Day of Elderly | 4. October 1 |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (C) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (D) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**39.** India's National Population Policy of 2000 has goal of population stabilization. Choose the code which is true for India :

**Codes :**

(A) TFR of 2.1

(B) NRR of 1.0

(C) CBR of 21

(D) None of these

**40.** Replacement level fertility is measured by which of following indicators of fertility ?

(A) TFR

(B) NRR

(C) GRR

(D) CBR

**34.** वर्ष 2000 में नवजात शिशु मर्त्यता के परिकलन के लिए किस डेटा की आवश्यकता होगी ?

(A) वर्ष 2000 में जीवन के प्रथम मास में मृत बच्चों की संख्या तथा वर्ष 2000 में जन्मे बच्चों की संख्या

(B) वर्ष 2000 में जीवन के प्रथम वर्ष में मृत बच्चों की संख्या तथा वर्ष 2000 में जन्मे बच्चों की संख्या

(C) वर्ष 2000 में जीवन के पहले से, ग्यारहवें मास के भीतर मृत बच्चों की संख्या तथा वर्ष 2000 में जन्मे बच्चों की संख्या

(D) वर्ष 2000 में गर्भाधान के 7 मास से लेकर जन्म के एक मास के अंदर मृत बच्चों की संख्या तथा वर्ष 2000 में जन्में बच्चों की संख्या

**35.** जीवन सारणियों के विभिन्न स्तंभों जैसे $l_x$, ${}_nq_x$, ${}_nL_x$ तथा $T_x$ पर विचार कीजिए । $l_{15}$ (15 वर्ष की आयु पर जीवन प्रत्याशा)का परिकलन किस प्रकार किया जाएगा ?

(A) $\frac{L_{15}}{l_{15}}$

(B) $\frac{T_{15}}{l_{15}}$

(C) $\frac{T_{15}}{L_{15}}$

(D) उपर्युक्त में से किसी प्रकार नहीं

**36.** अस्वस्थता पर 'डेटा' (आँकड़े) के लिए नवीन स्रोत का नाम बतलाइए :

(A) सेम्पल पंजीयन प्रणाली

(B) जनगणना

(C) राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण

(D) राष्ट्रीय सेम्पल सर्वेक्षण

**37.** सहस्त्राब्दि विकास लक्ष्यों (एमडीजी) के आठ लक्ष्यों में से कितने स्वास्थ्य के क्षेत्र से संबंधित हैं ?

(A) एक

(B) दो

(C) तीन

(D) चार

**38.** सूची – I में कुछ महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय दिवसों के नाम दिए गए हैं तथा सूची – II में उनके आयोजन की तिथियाँ दी गई हैं । इन दिवसों को उनकी तिथियों से सुमेलित कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. विश्व जनसंख्या दिवस | 1. मार्च 8 |
| b. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस | 2. मई 31 |
| c. विश्व तम्बाकू विरोधी दिवस | 3. जुलाई 11 |
| d. विश्व वयोवृद्ध दिवस | 4. अक्टूबर 1 |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (C) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (D) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**39.** भारतीय राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 का जनसंख्या स्थिरीकरण का लक्ष्य है । भारत के लिए सही कोड का चयन कीजिए :

**कोड** :

(A) 2.1 का टी एफ आर

(B) 1.0 का एन आर आर

(C) 21 का सी बी आर

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**40.** प्रतिस्थापन स्तर जननक्षमता को निम्नलिखित में से किस सूचक के द्वारा मापा जाता है ?

(A) टी एफ आर

(B) एन आर आर

(C) जी आर आर

(D) सी बी आर

**41.** Match List – I with List – II :

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. Index of overall fertility | i. $\frac{\Sigma h_1 U_1}{\Sigma F_1 U_1}$ |
| b. Index of marital fertility | ii. $\frac{\Sigma F_1 m_1}{\Sigma F_1 W_1}$ |
| c. Index of fertility of non-married women | iii. $\frac{\Sigma f_1 W_1}{\Sigma F_1 W_1}$ |
| d. Index of the proportion of married women | iv. $\frac{\Sigma g_1 m_1}{\Sigma F_1 m_1}$ |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iv | iii |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | iv | iii | ii | i |
| (D) | iii | iv | i | ii |

**42.** The Sample Registration System (SRS) has been providing reliable estimates of which among the following ?

(A) Fertility only
(B) Mortality only
(C) Both Fertility and Mortality
(D) None among the above

**43.** Which of the following States has lowest use of temporary contraceptives methods according to National Family Health Survey 2005-06 ?

(A) Andhra Pradesh
(B) Kerala
(C) Jammu & Kashmir
(D) Assam

**44.** Which of the following States has the highest use of temporary contraceptive methods according to National Family Survey 2005-06 ?

(A) Bihar
(B) Maharashtra
(C) Kerala
(D) Delhi

**45.** Which one of the following is not a component of direct anti-natalist policy ?

(A) Provision of Contraceptive Services
(B) Incentives for adoption of Family Planning
(C) Liberalization of Abortion Laws
(D) Raising age of Marriage

**46.** Who proposed Threshold Hypothesis in Fertility ?

(A) Becker
(B) Dumont
(C) United Nations Organisation
(D) Caldwell

**47.** Who among the following viewed that children have utilitarian value ?

(A) Caldwell
(B) Leibenstein
(C) Becker
(D) Judith Blake

**48.** Which one among the following is considered effectiveness of oral pills while computing couple protection rate ?

(A) 50 percent
(B) 75 percent
(C) 95 percent
(D) 100 percent

**49.** For Estimation of Singulate Mean Age of marriage using Hajnal's method, which among the following assumption is correct ?

(A) Both fertility and mortality have remained constant in past.
(B) Marriage has remained constant in past.
(C) Fertility has been constant in past.
(D) Mortality has been constant in past.

**41.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| a. कुल प्रजनन का संसूचक | i. $\frac{\Sigma h_1 U_1}{\Sigma F_1 U_1}$ |
| b. वैवाहिक प्रजनन का संसूचक | ii. $\frac{\Sigma F_1 m_1}{\Sigma F_1 W_1}$ |
| c. अविवाहित महिलाओं के प्रजनन का संसूचक | iii. $\frac{\Sigma f_1 W_1}{\Sigma F_1 W_1}$ |
| d. विवाहित महिला अनुपात का संसूचक | iv. $\frac{\Sigma g_1 m_1}{\Sigma F_1 m_1}$ |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iv | iii |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | iv | iii | ii | i |
| (D) | iii | iv | i | ii |

**42.** प्रतिदर्श पंजीकरण प्रणाली (एस आर एस) में निम्नलिखित में से किसके संबंध में विश्वसनीय अनुमान उपलब्ध किए जाते हैं ?

(A) केवल प्रजननशीलता

(B) केवल मृत्युता

(C) प्रजननशीलता और मृत्युता दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**43.** राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2005-06 के अनुसार निम्नलिखित राज्यों में से किस राज्य में अस्थायी गर्भ निरोधक विधियों का उपयोग न्यूनतम हुआ ?

(A) आंध्र प्रदेश

(B) केरल

(C) जम्मू और कश्मीर

(D) आसाम

**44.** राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2005-06 के अनुसार निम्नलिखित राज्यों में से किस राज्य में अस्थायी गर्भ निरोधक विधियों का अधिकतम उपयोग किया गया ?

(A) बिहार

(B) महाराष्ट्र

(C) केरल

(D) दिल्ली

**45.** निम्नलिखित में से कौन सा/सी जन्म दर बढ़ाने के विरूद्ध प्रत्यक्ष नीति का घटक नहीं है ?

(A) गर्भ निरोधक सेवाओं की व्यवस्था

(B) परिवार नियोजन अपनाने के लिए प्रोत्साहन

(C) गर्भपात संबंधी नियमों में उदारीकरण

(D) विवाह की आयु बढ़ाना

**46.** जननक्षमता में 'थ्रेशोल्ड हाइपोथीसिस' का विचार किसने प्रस्तुत किया ?

(A) बेकर

(B) ड्यूमो

(C) संयुक्त राष्ट्र संघ

(D) काल्डवेल

**47.** निम्नलिखित में से किसके विचार से बच्चों का उपयोगितावादी मूल्य होता है ?

(A) काल्डवेल

(B) लीवेंस्टाइन

(C) बेकर

(D) जुडिथ ब्लेक

**48.** दंपति की सुरक्षा दर का परिकलन करते समय निम्नलिखित में से किसे खाने वाली गोली की प्रभावकारिता समझा जाता है ?

(A) 50 प्रतिशत को

(B) 75 प्रतिशत को

(C) 95 प्रतिशत को

(D) 100 प्रतिशत को

**49.** हेजनल की पद्धति का उपयोग करते हुए विवाह की सिंगुलेट माध्यम आयु (सिंगुलेट मीन एज ऐट मैरिज) के लिए निम्नलिखित में से कौन सी धारणा सही है ?

(A) पूर्व में प्रजननशीलता और मृत्युता दोनों एकसमान रही हों ।

(B) पूर्व में विवाह एकसमान रहे हों ।

(C) पूर्व में प्रजननशीलता एकसमान रही हों ।

(D) पूर्व में मृत्युता एकसमान रही हो ।

**50.** Which among the following is not a natural contraceptive method ?

(A) Coitus interruptus
(B) Celibacy
(C) IUCD
(D) Periodic Abstinence

**51.** **Assertion (A) :** Most of the North Indian States have attained Replacement level of fertility.

**Reason (R) :** It is due to slow decline in the growth of the population among the North Indian States.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**52.** The infant mortality rate of the country as per SRS Bulletin October 2012 falls in which amongst the following categories ? (Per thousand live births)

(A) 1 – 19.9 (B) 20 – 29.9
(C) 30 – 39.9 (D) 40 – 49.9

**53.** **Assertion (A) :** In India fertility showed declining trend since late seventies.

**Reason (R) :** Mainly because infant mortality rate has also showed declining trend simultaneously since late seventies.

**Codes :**

(A) (A) is correct and (R) is not the correct explanation of (A).
(B) (A) is correct, but (R) is the correct explanation of (A).
(C) (A) is not correct and (R) is also not correct.
(D) (A) is correct, but (R) is not correct.

**54.** For calculation of General Marital Fertility Rate the denominator is

(A) unmarried women 15 – 49 age group
(B) population in the age group 15 – 49 years
(C) all women in the age group (15 – 49 )
(D) married women in the age group (15 – 49) years

**55.** As per the SRS Bulletin October 2012, estimated natural growth rate lies in which among the following categories ?

(A) 10.1 – 12 (B) 12.1 – 14
(C) 14.1 – 16 (D) 16.1 – 18

**56.** United Nations Age-Sex accuracy Index considers

(A) Mean deviations at the age ratios for males from 100
(B) Mean deviations of the age ratios for females from 100
(C) Three times the mean of the age differences as reported sex ratios
(D) All the above

**57.** Match List – I with List – II :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| a. | Speare | i. | Mover-Stayer Model |
| b. | Markov-Chain Model | ii. | Economic Considerations |
| c. | Lee, Fei and Rains Model | iii. | Cost-Benefit Model |
| d. | Todaro | iv. | Wage differentials |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iv | i | iii |
| (B) | iv | i | ii | iii |
| (C) | ii | iv | iii | i |
| (D) | iii | i | iv | ii |

**50.** निम्नलिखित में से कौन सी प्राकृतिक गर्भनिरोध विधि नहीं है ?

(A) संभोग व्यवधान
(B) ब्रहमचर्य
(C) आई यू सी डी
(D) आवधिक संयम

**51.** **अभिकथन (A)** : उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों ने प्रजननशीलता के प्रतिस्थानी स्तर प्राप्त कर लिया है ।

**तर्क (R)** : यह उत्तर भारत के राज्यों में जनसंख्या की संवृद्धि दर में तेजी से गिरावट आने के कारण हुआ है ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है ।

**52.** एस आर एस बुलेटिन, अक्तूबर 2012 के अनुसार देश की शिशु मृत्युता दर निम्नलिखित श्रेणियों में से किस श्रेणी के अंतर्गत आता है ? (प्रति एक हजार जीवित जन्म बच्चे)

(A) 1 – 19.9 (B) 20 – 29.9
(C) 30 – 39.9 (D) 40 – 49.9

**53.** **अभिकथन (A)** : भारत में सतरवें दशक के उत्तरार्ध से प्रजननशीलता में गिरावट की प्रवृत्ति दिखाई दी ।

**तर्क (R)** : इसका मुख्य कारण सतरवें दशक के उत्तरार्ध से शिशु मृत्यु दर में कमी का होना भी दिखाता है ।

**कूट** :

(A) (A) सही है और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(B) (A) सही है लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(C) (A) सही नहीं है और (R) भी सही नहीं है ।
(D) (A) सही है, लेकिन (R) सही नहीं है ।

**54.** सामान्य वैवाहिक प्रजननता दर के परिकलन के लिए निम्नलिखित का डिनोमिनेटर क्या है ?

(A) 15 – 49 आयु समूह की अविवाहित महिलाएँ
(B) 15 – 49 वर्ष की आयु समूह की जनसंख्या
(C) (15 – 49) आयु समूह में सभी महिलाएँ
(D) (15 – 49) वर्ष की आयु समूह में विवाहित महिलाएँ

**55.** एस आर एस बुलेटिन, अक्तुबर 2012 के अनुसार अनुमानित नैसर्गिक संवृद्धि दर निम्नलिखित में से किस श्रेणी के अंतर्गत आती है ?

(A) 10.1 – 12 (B) 12.1 – 14
(C) 14.1 – 16 (D) 16.1 – 18

**56.** निम्नलिखित में किसे संयुक्त राष्ट्र आयु-लिंग यथार्थता सूचकांक समझा जाता है ?

(A) 100 में से पुरुषों के लिए आयु अनुपात माध्य विचलन
(B) 100 में से महिलाओं के लिए आयु अनुपात का माध्य विचलन
(C) सूचित लिंग अनुपात के रूप में आयु अंतरों के माध्य का तीन गुना
(D) उपर्युक्त सभी

**57.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | स्पीयर | i. | मूवर स्टेअर मॉडल |
| b. | मार्कोव-चेन मॉडल | ii. | इकोनॉमिक कंसीडरेशन्स |
| c. | ली, फी तथा रेंस मॉडल | iii. | कॉस्ट-बेनिफिट मॉडल |
| d. | टोडारो | iv. | वेज डिफरेंशियल |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iv | i | iii |
| (B) | iv | i | ii | iii |
| (C) | ii | iv | iii | i |
| (D) | iii | i | iv | ii |

**58.** Which one among the following is <u>not</u> matched correctly ?

(A) Life table : Age Specific Death Rates

(B) Usage of Contraception : Couple Protection Rate

(C) Crude Death Rate : Child Women Ratio

(D) Age Specific Fertility Rate : Total Fertility Rate

**59.** Arrange the following in ascending order of formation :

(i) City

(ii) Metropolis

(iii) Conurbation

(iv) Urban Agglomeration

**Codes :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | iv | ii | i | iii |
| (C) | i | iii | ii | iv |
| (D) | i | iv | ii | iii |

**60.** The Total Fertility Rate is

(A) the total number of children born in a country in a given year divided by labour force.

(B) the number of children born to the average woman during her reproductive years.

(C) the number of births in a country divided by total population in a given year.

(D) the number of women age 15 – 45 in a country divided by total population.

**61.** China and India constituted around ______ percentage of the world's population.

(A) 40 percent

(B) 10 percent

(C) 80 percent

(D) 0.10 percent

**62.** With population growth rate of 1.0 how much time it would take to double the population ?

(A) 28 years (B) 46 years

(C) 70 years (D) 100 years

**63.** The disease burden could be measured by the following index :

(A) Mortality adjusted life years

(B) Premature deaths

(C) Mortality-fertility ratio

(D) Disability adjusted life years

**64.** What proportion of world's population lives in developing countries ?

(A) Approximately 35%

(B) Approximately 80%

(C) Nearly 10 billion people

(D) Less than 1 billion people

**65.** Most of the early development in demography took place in

(A) England, France, Germany and few other European countries

(B) United States of America and few Latin American countries

(C) Australia, India, China and Russia

(D) None of the above countries

**66.** **Assertion (A) :** By National Family health survey it is found that Several North Indian States fertility is still higher as compared with the South Indian States.

**Reason (R) :** It is mainly because in the North Indian States 'unmet need' of contraceptives of eligible couples.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**58.** निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है ?

(A) जीवन तालिका : आयु-विशिष्ट मृत्युदर

(B) गर्भ निरोधकों का उपयोग : दम्पति सुरक्षा दर (कपल प्रोटेक्शन रेट)

(C) अशोधित मृत्युदर : बाल-महिला अनुपात

(D) आयु-विशिष्ट जनन दर : कुल जनन दर

**59.** निम्नलिखित को बनने के आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(A) नगर

(B) महानगर

(C) महानगरीय अतिविस्तार

(D) शहरी सुकुलन

**कोड** :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | iv | ii | i | iii |
| (C) | i | iii | ii | iv |
| (D) | i | iv | ii | iii |

**60.** कुल प्रजनन दर क्या है ?

(A) किसी देश में किसी, दिए गए वर्ष में पैदा हुए बच्चों की कुल संख्या को, श्रम बल से विभाजित करने के बाद प्राप्त संख्या

(B) महिला के जननक्षम वर्षों में पैदा हुए बच्चों की औसत संख्या

(C) किसी देश में जन्म लेने वाले बच्चों की संख्या को एक दिए गए वर्ष की जनसंख्या से विभाजित करने पर प्राप्त संख्या

(D) किसी देश में 15-45 वर्ष की आयु वाली महिलाओं की संख्या को कुल जनसंख्या से विभाजित करने के बाद प्राप्त संख्या

**61.** चीन तथा भारत की संयुक्त जनसंख्या विश्व की जनसंख्या की लगभग कितनी प्रतिशत है ?

(A) 40 प्रतिशत

(B) 10 प्रतिशत

(C) 80 प्रतिशत

(D) 0.10 प्रतिशत

**62.** जनसंख्या की 1.0 वृद्धि दर के साथ जनसंख्या को दुगना होने में कितना समय लगेगा ?

(A) 28 वर्ष (B) 46 वर्ष

(C) 70 वर्ष (D) 100 वर्ष

**63.** निम्नलिखित में से किसके द्वारा रोग भार को मापा जा सकता है ?

(A) मर्त्यता समायोजित जीवित रहने के वर्ष

(B) असामयिक मृत्यु

(C) मर्त्यता प्रजनन अनुपात

(D) अपंगता समायोजित जीवित रहने के वर्ष

**64.** विश्व-जनसंख्या का कितना अंश विकासशील देशों में रहता है ?

(A) लगभग 35%

(B) लगभग 80%

(C) लगभग 10 बिलियन लोग

(D) एक बिलियन से कम लोग

**65.** जनांकिकी में अधिकांश प्रारंभिक विकास निम्नलिखित में से किस में हुआ था ?

(A) इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी और कुछ अन्य यूरोपीय देशों में

(B) संयुक्त राज्य अमरीका और कुछ लैटिन अमरीकी देशों में

(C) ऑस्ट्रेलिया, भारत, चीन और रूस में

(D) उपर्युक्त देशों में से किसी में भी नहीं

**66.** **अभिकथन (A)** : भारत में किए गए राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण से पता चलता है कि उत्तर भारत के कई राज्यों की प्रजननशीलता दक्षिण भारत के राज्यों की तुलना में अभी भी अधिक है ।

**तर्क (R)** : इसका मुख्य कारण यह है कि उत्तर भारत के राज्यों के दंपतियों की बड़ी संख्या की गर्भनिरोधक संबंधी आवश्यकताएँ पूरी नहीं की गई हैं ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है ।

**67.** The Sample Registration System in India became operational in which among the following periods ?

(A) 1963-64 (B) 1969-70

(C) 1973-74 (D) 1983-84

**68.** According to 2001 Census of India percentage of the Scheduled Caste population falls under which of the following categories ?

(A) 10 – 13.9 %

(B) 14 – 17.9 %

(C) 18 – 21.9 %

(D) 22 – 24.9 %

**69.** For the estimation of crude birth rate the denominator is

(A) total population of the respective geographical area

(B) total child population age (0 – 4)

(C) mid-year population of the respective calendar year

(D) female population in reproductive age group in the respective calendar year

**70.** As per the Sample Registration Scheme (SRS) Bulletin October 2012 the estimated Crude Birth rate for the country is (per thousand population)

(A) 14 – 16 (B) 17 – 19

(C) 20 – 22 (D) 23 – 25

**71.** Simon's Model is consistent with

(A) population self-sufficiency and constant economic growth

(B) low fertility and mortality

(C) a laissez-faire population policy

(D) economies of scale

**72.** Longevity is a proxy for _______ in the Human Development Index.

(A) Health and Nutrition

(B) Living Standard

(C) Infant Mortality

(D) Purchasing Power Parity

**73.** A stationary population is when population growth is

(A) increasing

(B) decreasing

(C) zero

(D) 100 %

**74.** Janani-Shishu Suraksha Yojana (JSY) is a scheme operating under which of the national programmes ?

(A) ICDS (Integrated Child Development Scheme)

(B) NRHM (National Rural Health Mission)

(C) NHM (National Health Mission)

(D) NUHM (National Urban Health Mission)

**75.** In the use of indirect methods of estimation, P/F ratio is used to estimate

(A) Fertility

(B) Mortality

(C) Nuptiality

(D) Intrinsic rate of growth

**67.** भारत में प्रतिदर्श पंजीकरण प्रणाली निम्नलिखित में से किस अवधि में चालू की गई ?

(A) 1963-64 (B) 1969-70

(C) 1973-74 (D) 1983-84

**68.** भारत की जनगणना, 2001 के अनुसार अनुसूचित जाति की प्रतिशत जनसंख्या निम्नलिखित में से किस श्रेणी के अंतर्गत आती है ?

(A) 10 – 13.9 प्रतिशत

(B) 14 – 17.9 प्रतिशत

(C) 18 – 21.9 प्रतिशत

(D) 22 – 24.9 प्रतिशत

**69.** अशोधित जन्म दर के अनुमान के लिए डिनोमिनेटर है

(A) संबंधित भौगोलिक क्षेत्र की कुल जनसंख्या

(B) (0 – 4) आयु के बच्चों की कुल जनसंख्या

(C) संबंधित कैलेंडर वर्ष के मध्य वर्ष की जनसंख्या

(D) संबंधित कैलेंडर वर्ष में प्रजननशील आयु समूह में स्त्रियों की जनसंख्या

**70.** सेम्पल रजिस्ट्रेशन स्कीम (एस आर एस) बुलेटिन, अक्तूबर, 2012 के अनुसार देश का अनुमानित अशोधित जन्म दर (प्रति एक हजार जनसंख्या) है

(A) 14 - 16 (B) 17 - 19

(C) 20 - 22 (D) 23 - 25

**71.** साइमन के मॉडल की निम्नलिखित में से किसके साथ सुसंगतता है ?

(A) जनसंख्या स्व-निर्भरता तथा सतत आर्थिक विकास

(B) निम्न जननक्षमता तथा मर्त्यता

(C) लेसेजफेयर जनसंख्या नीति

(D) परिमाणमूलक सुलाभ

**72.** मानव विकास संसूचक में दीर्घायु ______ के लिए परोक्षी है ।

(A) स्वास्थ्य तथा पोषण

(B) जीवन-स्तर

(C) शिशु मर्त्यता

(D) क्रयशक्ति समानता

**73.** स्थिर जनसंख्या तब होती है जब जनसंख्या वृद्धि

(A) बढ़ रही है ।

(B) घट रही है ।

(C) शून्य है ।

(D) 100% है ।

**74.** जननी शिशु सुरक्षा योजना (जे एस वाई) का संचालन किस राष्ट्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत किया जाता है ?

(A) आई सी डी एस (इंटेग्रेटेड चाइल्ड डेवलप्मेंट स्कीम)

(B) एन आर एच एम (नेशनल रूरल हेल्थ मिशन)

(C) एन एच एम (नेशनल हेल्थ मिशन)

(D) एन यू एच एम (नेशनल अरबन हेल्थ मिशन)

**75.** अनुमान लगाने की अप्रत्यक्ष विधियों का उपयोग करते समय, पी/एफ रेशियो का उपयोग निम्नलिखित में से किसका अनुमान लगाने के लिए किया जाता है ?

(A) जननक्षमता

(B) मर्त्यता

(C) वैवाहिकता गुण (नप्शियल्टी)

(D) तात्त्विक (इंट्रिसिक) वृद्धि दर

**Space For Rough Work**